# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर

## वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार

निफ्ट कैम्पस, करवड़, जोधपुर–342 037, राजस्थान, भारत

# ''हिन्दी पखवाड़ा–2021''

**(14 सितम्बर, 2021 से 30 सितम्बर, 2021)**

# प्रतिवेदन

# निफ्ट जोधपुर में हिन्दी पखवाड़ा–2021 का शुभारम्भ

निफ्ट जोधपुर में निफ्ट मुख्यालय के निर्देशानुसार हिन्दी पखवाड़ा–2021 का आयोजन दिनांक 14 सितम्बर, 2021 से 30 सितम्बर, 2021 के मध्यान्ह् किया गया। सर्वप्रथम दिनांक 14 सितम्बर, 2021 को हिन्दी पखवाड़ा के बैनर/फ्लैक्स का विमोचन किया गया व मुख्य स्थानो पर सूचना प्रदर्शित करने के उद्देश्य से चस्पा किये गये।












निफ्ट जोधपुर में 14 सितम्बर, 2021 को सांय 4.00 बजे हिन्दी दिवस का आयोजन प्रारम्भ किया गया, जिसमें निफ्ट जोधपुर के निदेशक प्रभारी प्रो. डॉ. पवन गोडियावाला की अध्यक्षता (ऑनलाइन मोड के माध्यम से) में माननीय गृहमंत्री, भारत सरकार, माननीय वस्त्र मंत्री, माननीय वस्त्र राज्यमंत्री, श्रीमान् सचिव, वस्त्र मंत्रालय तथा श्रीमान् महानिदेशक, निफ्ट द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर जारी किये गये संदेशों को निफ्ट जोधपुर के पदाधिकारीयों द्वारा पढ़ा गया और हिन्दी पखवाड़ा–2021 कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ जोर–शोर से और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन के मौके पर निफ्ट जोधपुर के निदेशक महोदय तथा नोडल हिन्दी अधिकारी महोदया द्वारा हिन्दी दिवस की महत्ता और हिन्दी भाषा की उपयोगिता के साथ ही हिन्दी पखवाड़ा करवाने का उद्देश्य और हिन्दी पखवाड़ा में होने वाली आगामी गतिविधियों के बारे में सभी सर्वगणों को अवगत करवाया गया। इस मौके पर निफ्ट जोधपुर के लगभग सभी अधिकारीगण/फैकल्टीगण व स्टाफ कार्मिकगणों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गई।



# <u>हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता</u>

निफ्ट जोधपुर में निफ्ट मुख्यालय के निर्देशानुसार व आदेशानुसार सर्वप्रथम दिनांक 14 सितम्बर, 2021 को हिन्दी पखवाड़ा–2021 के अन्तर्गत हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता अधिकारीगणों व कर्मचारीगणों हेतु आयोजित की गई। हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का शीर्षक **''कोरोना महामारी का शिक्षा पर प्रभावः सामाजिक चुनौति!''** रखा गया था। जिसके अन्तर्गत अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ बढ–चढकर हिस्सा लिया गया तथा इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल प्रतिभागीयों की उपस्थिति 31 रही।





# <u>हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता</u>

निफ्ट जोधपुर में दिनांक 17 सितम्बर, 2021 को हिन्दी पखवाड़ा–2021 के अन्तर्गत हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता अधिकारीगणों व कर्मचारीगणों हेतु आयोजित की गई। हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता का शीर्षक **"निफ्ट जोधपुर में ग्रुप सी की वेकन्सी को ध्यान में रखते हुए रिक्त पदों को दर्शाते हुए मुख्यालय को भेजने के लिए पत्र का प्रारूपन तैयार करें एवं सक्षम अधिकारी को फाइल पे टिप्पण के साथ प्रस्तुत करें।** " रखा गया था। जिसके अन्तर्गत अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



# <u>हिन्दी पीपीटी प्रस्तुति प्रतियोगिता</u>

निफ्ट जोधपुर में दिनांक 20 सितम्बर, 2021 को हिन्दी पखवाड़ा–2021 के अन्तर्गत हिन्दी पीपीटी प्रस्तुति प्रतियोगिता अधिकारीगणों व कर्मचारीगणों हेतु आयोजित की गई। हिन्दी पीपीटी प्रतियोगिता का शीर्षक **''सोशल मीडियाः वरदान या अभिशाप''** रखा गया था। इस मौके पर कैम्पस निदेशक महोदय प्रभारी प्रो. डॉ. पवन गोडियावाला स्वंय उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया गया और अपनी–अपनी प्रस्तुति सभी के समक्ष प्रस्तुत की गई। प्रतियोगिता में कुल 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।













## हिन्दी टंकण गति प्रतियोगिता

निफ्ट जोधपुर में दिनांक 24 सितम्बर, 2021 को हिन्दी पखवाड़ा–2021 के अन्तर्गत हिन्दी टंकण गति प्रतियोगिता अधिकारीगणों व कर्मचारीगणों हेतु आयोजित की गई। हिन्दी टंकण गति प्रतियोगिता का शीर्षक **"इस लोकतंत्र में कहां है आम आदमी?"** रखा गया था। इस प्रतियोगिता में सामान्य टंकण एवम् यूनिकॉड दोनो का उपयोग किया गया। जिसके अन्तर्गत अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल प्रतिभागियों की उपस्थिति 20 रही।




## हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता

निफ्ट जोधपुर में निफ्ट मुख्यालय के निर्देशानुसार व आदेशानुसार दिनांक 27 सितम्बर, 2021 को हिन्दी पखवाड़ा–2021 के अन्तर्गत हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता केवल एमटीएस हेतु आयोजित की गई। हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता का शीर्षक **"इस लोकतंत्र में कहां है आम आदमी?"** रखा गया था। जिसके अन्तर्गत लगभाग सभी एमटीएस द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ बढ–चढकर हिस्सा लिया गया तथा इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल प्रतिभागियों की उपस्थिति 8 की रही।



# समापन समारोह

हिन्दी पख्वाड़ा–2021 का समापन निफ्ट जोधपुर में दिनांक 29 सितम्बर, 2021 को आयोजित किया गया, जिसमें निफ्ट जोधपुर के संयुक्त निदेशक महोदय, नोडल हिन्दी अधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण/फैकल्टीगण व स्टाफ कार्मिकगण उपस्थित हुए तथा इसके अलावा प्रो. डॉ. पवन गोडियावाला, कैम्पस निदेशक प्रभारी ऑनलाइन मोड के माध्यम से उपस्थित रहे और उन्होनें समापन समारोह के उपलक्ष्य पर हिन्दी भाषा एवम् उसके उपयोग के महत्व के बारे में सभी को अवगत करवाया गया।

इस मौके पर संयुक्त निदेशक महोदय द्वारा हिन्दी पखवाड़ा का सफल आयोजन होने के लिए सभी सर्वगणों को हार्दिक आभार प्रकट किया और साथ ही में उक्त हिन्दी पखवाड़ा के आयोजक मण्डल (नोडल हिन्दी अधिकारी तथा हिन्दी विभाग के कनिष्ठ सहायक) का विशेषकर आभार जताया, और भविष्य में भी ऐसे ही सफल आयोजन संचालन करने तथा अधिक से अधिक हिन्दी में कार्य करने के लिए उत्प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में हिन्दी पखवाड़ा–2021 के अन्तर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के प्रतिभागीयों के सम्बन्ध में संयुक्त निदेशक महोदय एवं नोडल हिन्दी अधिकारी महोदया द्वारा विजेता प्रतिभागीयों के नामों की घोषणा की गई और इन सभी विजेता प्रतिभागीयों को पूर्ण हौसला अफजाई तालियों की घडघडाहट के साथ वहां पर उपस्थित सभी सर्वगणों द्वारा किया गया। पुरस्कृत अधिकारियो एवं कर्मचारियों के नाम को घोषित किया गया। सभी विजेता प्रतिभागीयों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण–पत्र के साथ नकद पुरस्कार (राशि सीधे उनके खाते में स्थानान्तरित की जायेगी) प्रदान किये गये। इस प्रकार विजेता प्रतिभागीयों को प्रथम पुरस्कार के रुप में 4500/–, द्वितीय पुरस्कार के रुप में 3500/–, तृतीय पुरस्कार के रुप में 2500/– तथा कुल 03 सांत्वना पुरस्कार के रुप में 1500/– रुपये की राशि प्राप्त होगी। इसके साथ ही राजभाषा हिन्दी प्रगति हेतु हर वर्ष की भांति अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 20,000/– शब्दों से अधिक शब्दों पर कार्य करने हेतु पुरस्कार स्वरूप नकद पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार दो प्रतिभागी को रुपये 5100/–, द्वितीय पुरस्कार तीन प्रतिभागी को रुपये 3100/– एवं तृतीय पुरस्कार पांच प्रतिभागी को रुपये 2100/– प्रदान किये जायेंगे। उक्त पुरस्कार राशि के अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार ले जाने वाले दोनो प्रतिभागियों की हर वर्ष के दौरान क्रमशः कुल 2,25,000 तथा 2,00,000 से अधिक शब्दों पर कार्य किया गया। जो कि बहुत प्रशंसनीय और सराहनीय कार्य था।

इसके उपरान्त नोडल हिन्दी अधिकारी एवम् सहायक प्रोफेसर डॉ. शिखा गुप्ता द्वारा हिन्दी पखवाड़ा–2021 के समापन की घोषणा करते हुए सभी सर्वगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके साथ ही निफ्ट मुख्यालय के हिन्दी अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन एवं सूझावों के लिए धन्यवाद दिया। इस प्रकार निफ्ट जोधपुर में हिन्दी पखवाड़ा–2021 बहुत ही उमंग, हर्षोल्लास एवं आनन्दमय तरीके से सम्पन्न हुआ।








राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर
''हिन्दी पखवाड़ा''




फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर
''हिन्दी पखवाड़ा''



